भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 673 का उत्तर

धौलपुर-सरमथुरा-गंगापुर सिटी रेल परियोजना

673. श्री भजन लाल जाटव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 2010-11 के दौरान स्वीकृत और वर्ष 2013 में उद्घाटन की गई धौलपुर-सरमथुरा-गंगापुर सिटी रेल परियोजना अभी तक पूरी नहीं हुई है;

(ख) यदि हां, तो परियोजना के प्रथम और दूसरे चरण के अंतर्गत हुई वास्तविक और वित्तीय प्रगति की वर्तमान स्थिति क्या है और अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत और व्यय की गई है तथा शेष कार्यों का चरण-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि दूसरे चरण (सरमथुरा-करौली-गंगापुर सिटी) के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है और रेलवे बोर्ड को प्रस्तुत कर दी गई है और इसे पहले ही अनुमोदित/घोषित कर दिया गया है;

(घ) यदि हां, तो उक्त परियोजना को स्वीकृति दिए जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू न होने के क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार का मिशन मोड में परियोजना को पूरा करने के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान करने और परियोजना के दोनों चरणों को पूरा करने के लिए एक निर्धारित समय-सीमा घोषित करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): धौलपुर-सिरमथरा आमान परिवर्तन परियोजना को गंगापुर शहर (145 कि.मी.) तक विस्तार के साथ दो चरणों में नियोजित किया गया है।

धौलपुर-सिरमथरा (69 कि.मी.) के आमान परिवर्तन कार्य को 747 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया है। मार्च, 2026 तक परियोजना में 504 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है तथा वित्त वर्ष 2026-27 में अतिरिक्त 275 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

परियोजना की खंडवार प्रगति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	खंड का नाम	कार्यों की स्थिति
1	धौलपुर-गढ़ी साँदरा (18 कि.मी.)	भूमि अधिग्रहण: 30 हेक्टेयर में से 24 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया जा चुका है तथा शेष अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रमुख पुल: पूरा किया गया निचले सड़क पुल: पूरा किया गया स्टेशन भवन: पूरा किया गया ट्रैक लिंकिंग का कार्य: संपूर्ण 18 कि.मी. का कार्य पूरा किया जा चुका है।
2	गढ़ी साँदरा से बारी (15 कि.मी.)	भूमि अधिग्रहण: 53 हेक्टेयर में से 45 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया जा चुका है तथा शेष अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रमुख पुल: 02 में से 01 पूरा किया गया, शेष पर कार्य प्रारंभ किया गया निचले सड़क पुल: 10 में से 02 पूरा किया गया, शेष पर कार्य प्रारंभ किया गया स्टेशन भवन: 02, कार्य प्रारंभ किया गया ट्रैक लिंकिंग का कार्य: 15 रेलपथ कि.मी. में से 06 रेलपथ कि.मी. पूरे किए जा चुके हैं शेष पर कार्य प्रारंभ किया गया
3	बारी-मोहारी (7 कि.मी.)	भूमि अधिग्रहण: 23 हेक्टेयर में से 19 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया जा चुका है तथा शेष अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रमुख पुल: 01, कार्य प्रारंभ किया गया निचले सड़क पुल: 03, कार्य प्रारंभ किया गया स्टेशन भवन: 01, कार्य प्रारंभ किया गया ट्रैक लिंकिंग का कार्य: कार्य प्रारंभ किया गया
4	मोहारी-सिरमथरा (30 कि.मी.)	भूमि अधिग्रहण: 159 हेक्टेयर में से 82 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया जा चुका है तथा शेष अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रमुख पुल: 01, कार्य प्रारंभ किया गया निचले सड़क पुल: 12, कार्य प्रारंभ किया गया

क्र.सं.	खंड का नाम	कार्यों की स्थिति
		ऊपरी सड़क पुल: 02, कार्य प्रारंभ किया गया स्टेशन भवन: 02, कार्य प्रारंभ किया गया ट्रैक लिंकिंग का कार्य: कार्य प्रारंभ किया गया

द्वितीय चरण के लिए, सिरमथरा-गंगापुर सिटी नई लाइन (75.50 कि.मी.) हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के पश्चात्, परियोजना के लिए राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श तथा नीति आयोग एवं वित्त मंत्रालय आदि से मूल्यांकन जैसी आवश्यक स्वीकृतियां अपेक्षित हैं। चूंकि हितधारकों के साथ विचार-विमर्श एक सतत् एवं गतिशील प्रक्रिया है, अतः निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

******